Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 18-12-2006

Participants : Kaswan Shri Ram Singh

an>

Title: Need to take steps for gauge conversion of Rewari-Sadulpur, Sadulpur-Hissar, Sadulpur-Bikaner and Ratangarh-Degana railway sections.

श्री राम सिंह कस्वां (चुरू) :अध्यक्ष महोदय, रेवाड़ी-बीकानेर, सादुलपुर-हिसार, रतनगढ़-डेगाना रेल मार्ग के आमान परिवर्तन की मांग वर्षों से की जा रही है। रेवाड़ी-सादुलपुर व सादुलपुर-हिसार मार्ग के आमान परिवर्तन की स्वीकृति 8 वर्ा पूर्व जारी की गई थी, कार्य नाममात्र का चल रहा है। आमान परिवर्तन में उपरोक्त क्षेत्र की घोर उपेक्षा की गई है। चुरू संसदीय क्षेत्र में बीकानेर जिले को श्रीडूंगरगढ़ व नागौर जिले का लाडनू विधान सभा क्षेत्र शामिल है, यह सम्पूर्ण क्षेत्र ऐतिहासिक एवं भौगोलिक दृटि से महत्वपूर्ण है। बीकानेर का पाकिस्तान से लगता हुआ भूभाग सैनिक गतिविधियों के लिए अतिमहत्वपूर्ण क्षेत्र है, इस आमान परिवर्तन से देश का सीधा सम्पर्क हो जायेगा। विभिन्न कम्पनियों का कांडला बन्दरगाह से आने वाला तेल जोधपुर-डेगाना-रतनगढ़-सादुलपुर-हिसार होते हुए पंजाब व हरियाणा जायेगा, जिससे प्रतिर्वा इन कम्पनियों को करोड़ों रूपए की बचत होगी। इस क्षेत्र के प्रवासी पूरे देश में व्यापार करते हैं, उन्हें भी बार बार गाड़ी बदलने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भारत निर्माण में इस क्षेत्र के प्रवासियों, वीर सैनिकों की अहम भूमिका रही है। बीकानेर रियासत के समय 1910 से 1912 के दौरान 400 किमी रेल माग्र का निर्माण किया गया था, लेकिन पीड़ा इस बात की है कि 95 वर्ा पश्चात भी इस क्षेत्र में रेल लाइन का कोई भी विकास नहीं किया गया है।

अतः मेरा नम्र निवेदन है कि रेवाड़ी-सादुलपुर, सादुलपुर-हिसार स्वीकृत भाग का अविलम्ब आमान परिवर्तन किया जाये एवं शेा भाग सादुलपुर-बीकानेर व रतनगढ़-डेगाना भाग के आमान परिवर्तन की स्वीकृति जारी कर आने वाले बजट में इसके लिए सम्पूर्ण राशि उपलब्ध करवाने का श्रम करें।